# रक्षा निर्यात में रिकॉर्ड स्तर की वृद्धि

**स्रोत: पी.आई.बी.**

वित्त वर्ष 2023-24 में रक्षा निर्यात रिकॉर्ड 21,083 करोड़ रुपए (लगभग 2.63 बिलियन अमेरिकी डॉलर) तक पहुँच गया जो विगत वित्त वर्ष की तुलना में **32.5 प्रतिशत की वृद्धि** को दर्शाता है। **वित्त वर्ष 2013-14 की तुलना में पिछले 10 वर्षों में रक्षा निर्यात 31 गुना बढ़ा** है।

- **प्रमुख आँकड़े:**
  - वर्ष 2004-05 से वर्ष 2013-14 और वर्ष 2014-15 से वर्ष 2023-24 तक **दो दशकों** की तुलना करने पर **रक्षा निर्यात में 21 गुना वृद्धि** दर्ज की गई।
  - इसमें **निजी क्षेत्र** का योगदान लगभग **60%** रहा जबकि रक्षा **सार्वजनिक क्षेत्र** के उपक्रमों (Defence Public Sector Undertakings- **DPSU**) ने लगभग **40%** योगदान दिया।
  - वित्त वर्ष 2022-23 की तुलना में वित्त वर्ष 2023-24 में रक्षा निर्यातकों को जारी किये गए **निर्यात प्राधिकरणों** की संख्या में भी वृद्धि हुई।
- **प्रमुख कारक:**
  - भारतीय रक्षा क्षेत्र में महत्त्वपूर्ण वृद्धि का श्रेय **नीतिगत सुधारों**, व्यापार की सुगमता पहल और व्यापक **डिजिटल समाधानों** को दिया जाता है जो भारतीय रक्षा उत्पादों तथा प्रौद्योगिकियों की वैश्विक स्वीकृति को दर्शाते हैं।

**और पढ़ें...**भारत का रक्षा निर्यात

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/defence-exports-touch-record-high